
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



वर्ष : 13 | अंक : 161 | 28 नवबंर, 2018 | मूल्य : 20/-





विद्या बिन गई मति, मति बिन गई गति,
गति बिन गई नीति, नीति बिन गया वित्त
वित्त बिन चरमराये शुद्र, एक अविद्या ने किए कितने अनर्थ

# महात्मा ज्योति बा फूले की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमों की झलकियाँ


















RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश


● वर्ष :13 ● अंक 160 ● 28 नवबंर, 2018 ● ● मूल्य : 20/- प्रति ●

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों म्हे) 94149 1484

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**संरक्षक :**



**श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला**
( समाजसेवी/भामाशाह )

**संरक्षक :**



**श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी**
( उद्योगपति/समाजसेवी )

**संरक्षक :**



**श्रीमान नरपतसिंह सांखला**
( बिल्डर्स/समाजसेवी )

**संरक्षक :**



**श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा**
( उद्योगपति )

**संरक्षक :**



**श्रीमान ढ़लसिंह गहलोत**
( उद्योगपति/भामाशाह )

**संरक्षक :**



**श्रीमान भगवानसिंह गहलोत**
( उद्योगपति/भामाशाह )




पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है।
सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# संपादक की कलम से....

सामाजिक कार्यकर्ता समाज का सबसे अहम् जीव होता है, उसके बिना कोई भी सामाजिक कार्यक्रम सफल नहीं होता लेकिन फिर भी उसका पूरा जीवन अजीबोगरीब स्थिति में ही गुजरता है। उसे घर में तो सुनने को मिलता है –''फालतू पंचायती में दिन भर उलझे रहते हो कभी ढंग के काम भी कर लिया करो, यह समाज–वमाज कुछ काम नहीं आने वाला, परिवार पर ध्यान दो, दिन भर निक्कमों की तरह इधर से उधर समाज की पंचायती करते हो, उससे क्या भला होने वाला आदि–आदि'' और समाज में उसकी स्थिति यह होती है कि उसे कभी बड़ा पद नहीं दिया जाता क्योंकि बड़े पद पर धनाढ्य वर्ग का एकाधिकार ही होता है और सामाजिक कार्यकर्ता हमेशा गरीब या मध्यम वर्ग परिवार का ही होता है उसके खून में ईमान रचा–बसा होता है।

वह ईमानदारी से सामाजिक संरचना में अपने आपको इस कदर ओढ़े रहता है कि उसे समाज के अलावा कुछ नहीं दिखता। वह कुछ कर गुजरने की भावना, समाज में आमूलचूल परिवर्तन की भावनाओं में ही अपने दिन–रात व्यतीत करता है और समाज के आला पदाधिकारियों को यही सामाजिक कार्यकर्ता हर छोटे–मोटे काम के लिए याद आता है क्योंकि उसके बिना ना तो उनका वजूद है और ना ही उनके कार्यक्रमों का। वह सामाजिक कार्यकर्ता ही होता है जिसके बदौलत बड़े से बड़े कार्यक्रम सफल होते हैं और नाम आला पदाधिकारियों का होता है वह तो सिर्फ नींव का पत्थर बनकर ही खुश है। यही आला पदाधिकारियों से यदि यह सामाजिक कार्यकर्ता बेवजह मिलने पहुंच जाता है तो वह उसे यूं टकरा देते हैं जैसे उनके घर पर भिखारी आ गया हो। समाज के धनाढ्य वर्ग से जब ये सामाजिक कार्यकर्ता किसी कार्यक्रम के लिए सहयोग मांगने पहुंचता है तो वहां भी इसके साथ भिखारियों जैसा ही बर्ताव होता है। जीवन में कई बार यह सामाजिक कार्यकर्ता ठगा भी जाता है, कभी सहयोग का आश्वासन देकर धनाढ्य वर्ग सम्मानित तो हो जाता है और सहयोग के नाम पर चक्कर पर चक्कर लगाते इस सामाजिक कार्यकर्ता की चप्पल घिस जाती है और साइकिल के टायर भी जवाब देने लगते हैं। लेकिन फिर भी यह सामाजिक कार्यकर्ता हार नहीं मानता लगा रहता है समाज सुधार की धुन में।

यह सामाजिक जीव हर समाज में, हर क्षेत्र में, हर गांव, शहर में पाया जाता है। इसे कभी–कभार सम्मानित करके आला पदाधिकारियों द्वारा खुश कर दिया जाता है और यह वाकई में खुश होकर दुगुनी ऊर्जा के साथ सामाजिकता में जुड़ जाता है। इसका जीवन भले ही अभावों में कटता है, आर्थिक संकटों से जूझता, परिवारजनों के तानों से गुजरता है लेकिन समाज के मंच पर इसे अच्छे कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है तो विरोधी खेमे में इसे चन्दा चोर, चिपकू, स्वयंभू पंच आदि नामों से सुशोभित किया जाता है।

मेरे ख्याल से इस सामाजिक जीव का इतना विश्लेषण काफी है इससे आप सभी अपने आस–पास के सामाजिक कार्यकर्ता को अच्छी तरह से पहचान सकेंगे।

## सामाजिक कार्यकर्ता समाज का अहम...



मनीष गहलोत

**जिस राह पर आप अकेले रह जाते हैं तो समझिए आप सही राह पर चल रहे है क्योंकि सत्य की राह पर कोई साथ नहीं देता है।**

# शिक्षा क्षेत्र में नए संसाधन स्थापित करें समाज – ओ. पी. सैनी




जयपुर दिनांक 28 अक्टूबर 2018, सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था राजस्थान जयपुर के द्वारा सैनी माली समाज के राजस्थान राज्य में बीपीएल एवं आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लगभग 125 बोर्ड परीक्षा पास मेघावी विद्यार्थीयो को छात्रवृत्ति प्रदान की गई, समारोह में राजस्थान के 17 जिलों के मेघावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

संस्था के अध्यक्ष श्री हनुमान प्रसाद सैनी के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री ओ. पी. सैनी आईएएस ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परंपरागत कुरीतियों को खत्म कर समाज के भामाशाह और समाजसेवीओं को शिक्षा क्षेत्र में नए संसाधन आयाम स्थापित करने का आह्‌वान किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री चेतन देवड़ा जयपुर ने मेघावी बच्चों को उत्साहित करते हुए भविष्य में प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य उच्च सेवाओं में जाने के लिए मोटिवेट किया, राज्य स्तरीय समारोह के राजलक्ष्मी मैरिज गार्डन, सोडाला, जयपुर मैं संपन्न हुआ।

शिक्षा समिति के प्रमुख सदस्य सचिव श्री सुरेश सैनी (NHAI) ने बताया कि संस्था पिछले वर्ष दिसंबर में आयोजित प्रतिभावान सम्मान समारोह के बाद से ही गरीब एवं निर्धन बच्चों के कल्याण के लिए इस काम को विभिन्न स्तरों पर कर रही थी, छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आवेदन पत्रों की बारीकी से जांच कर पत्र विद्यार्थियों का चयन किया गया, इन विद्यार्थियों में कई बच्चो ने अधिकतम 97.67 प्रतिशत एवं न्यूनतम 85 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं इन विद्यार्थियों में कक्षा 12 के चार बीपीएल विद्यार्थी और कक्षा 10 में 7 विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए सर्च किए गए, संस्था के द्वारा भविष्य में इन विद्यार्थियों को सही दिशा में जाने के लिए मॉनिटर भी किए जाने का प्रस्ताव है पूर्व राज्यमंत्री श्री सुनील परिहार ने विद्यार्थियों और समाज को शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम प्राथमिकता से अग्रणी भूमिका निभाने का आह्‌वान किया

संस्था महासचिव श्री सुरेश चंद सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ उच्च अधिकारियों में डॉ जी एल वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय सैनी, श्री एमपी सैनी भूतपूर्व सहायक आयकर आयुक्त डॉक्टर दीपक सैनी वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ श्री डीके सैनी पूर्व आयुक्त केंद्रीय विद्यालय श्री आर एस सैनी चीफ इंजीनियर रेलवे श्री राम अवतार सैनी सहायक निदेशक डॉ रामकिशोर सैनी मुख्य लेखा अधिकारी आरके सैनी श्री निहाल सिंह सैनी बीकानेर से श्री भागचंद सैनी सहायक आयुक्त श्री शंकर लाल सैनी रोडवेज श्री बुद्ध सिंह सैनी संस्था संस्थापक श्री कालूराम जी टाक हाई कोर्ट डॉक्टर कमल सैनी रमेश सांखला लेखाधिकारी श्री केएल भाटी श्री सुरेश सैनी रेलवे श्री राजू लाल सैनी मेडिकल श्री मुन्ना लाल जी श्री भीमराज जी सैनी श्री संजय सैनी इस प्रकार अन्य कई वरिष्ठ समाजसेवी अधिकारी बंधु कर्मचारी बंधु युवा साथी और मातृशक्ति ने कार्यक्रम में शिरकत की।ण

इनके अतिरिक्त पूर्व मंत्री श्री राम किशोर सैनी पूर्व विधायक श्री भगवान सहाय सैनी श्री श्री कृष्ण सैनी पूर्व चेयरमैन नगर निगम श्रीमती मंजू सैनी पूर्व प्रधान श्री ओम राजोरिया जी श्री बलदेव सैनी श्रीमाधोपुर युवा नेता रामकिशोर सैनी रणजीत सैनी महेश सैनी लेखराज सैनी अभिषेक सैनी सीताराम सैनी इत्यादि नेता शामिल हुए। छात्रवृत्ति समारोह के मंच का शानदार और सफल संचालन श्री सुरेश सैनी(NHAI) और श्री सुरेश चंद सैनी सचिवालय ने किया।

# 9 करोड़ की लागत से माली समाज अहमदाबाद में बनाएगा 30 कमरों की वातानुकूलित धर्मशाला




जोधपुर। अखिल भारतीय माली समाज संस्था ट्रस्ट जोधपुर भवन धर्मशाला हरिद्वार की आमसभा आयोजित, 157 दानदाताओं का किया सम्मान जोधपुर। माली समाज की ओर से नौ करोड़ की लागत से अहमदाबाद में 30 कमरों की वातानुकूलि त धर्मशाला बनाई जाएगी। इस संबंध में रवि वार को अखिल भारतीय माली समाज संस्थान ट्रस्ट की आमसभा सुमेर शि क्षण संस्थान के माणक परिहार हॉल में आयोजि त हुई। आमसभा में संस्थान की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा के साथ वर्ष 2018–19 के लिए दो करोड़ के बजट को भी सर्वसम्मति से मंजूर किया।

इस मौके पर 9 करोड़ की लागत से बनने वाली धर्मशाला पर चर्चा की गई तथा इसमें सहयोग करने वाले 157 दानदाताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जैतारण से आए रामनिवास चौहान ने कहा, कि ट्रस्ट के प्रयासों से जोधपुर और हरिद्वार के बाद अहमदाबाद में धर्मशाला बनने जा रही है, यह सराहनीय कदम है। श्री साईं जगदीश भाटी मानव सेवा संस्थान के मंत्री नरपतसिंह कच्छवाह ने कहा कि सहयोग से मुश्किल काम भी आसान हो जाता है। समाज में काम करना आसान नहीं हैं, इसके लिए काफी धैर्य की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, कि जोधपुर भवन धर्मशाला हरिद्वार व जोधपुर से जुड़े अध्यक्ष बाबूलाल पंवार और ट्रस्टियों के प्रयास से ही अहमदाबाद में धर्मशाला बनने का सपना साकार हो रहा है।

इस मौके पर दिनेश गहलोत व नरेंद्र सोलंकी विशिष्ट अतिथि थे। अखिल भारतीय माली समाज संस्थान ट्रस्ट की आमसभा में अहमदाबाद में धर्मसभा को लेकर चर्चा की गई और बजट पारित किया गया। 'मारवाड़ के लोग इलाज के लिए अहमदाबाद जाते हैं, धर्मशाला बनने से उन्हें परेशानी नहीं होगी' इस मौके पर वक्ता ओं ने कहा, कि मारवाड़ से समाज के लोग बड़ी संख्या में अहमदाबाद में इलाज के लि ए जाते हैं, लेकिन उन्हें असुविधा होती है। धर्मशाला बनने से उन्हें परेशानी नहीं होगी। इसके साथ ही मारवाड़ के कई लोगों को फायदा मिलेगा। अजीतसिंह गहलोत, ओमप्रकाश गहलोत, रामस्वरूप गहलोत, हिम्मत सिंह गहलोत व भीमसिंह गहलोत ने भी विचार व्यक्त किए। संस्थान के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार ने सांवलसिंह सांखला व हरिसिंह चौहान को ट्रस्ट में सदस्य मनोनीत किया। जबकि नरपतसिंह कच्छवाह को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ. चिमनसिंह परिहार, जेठूसिंह कच्छवाह, आनंदसिंह कच्छवाह, सुरेंद्रसिंह सांखला, प्रेमसिंह देवड़ा, नरपतसिंह सांखला, प्रदीप परिहार, चैनसिंह पंवार, चंदनसिंह देवड़ा, नरेंद्र गहलोत, डूंगरसिंह गहलोत, सुभाष गहलोत, रणछोड़ सिंह गहलोत, महेश टाक, महेंद्रसिंह कच्छवाह आदि मौजूद थे। महामंत्री किशोर सिंह सांखला ने आभार जताया।

**दानदाता सम्मानित, 2020 में काम पूरा होने की संभावना**

आमसभा के दौरान हरिसिंह देवड़ा, किशनसिंह सांखला,राजेंद्रसिंह कच्छवाह, सांवलसिंह सांखला, ओमदत्त गहलोत, गोविंदराम गहलोत, महेंद्रसिंह परिहार, राजेश गहलोत, ओमप्रकाश गहलोत, सीताराम गहलोत, तारा कच्छवाह सहित 157 दानदाताओं को सम्मानित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष पंवार ने बताया, कि अहमदाबाद में सिविल अस्पताल के पास, पुराने एमएलए क्वार्टर के पास 427 वर्गगज जमीन पर धर्मशाला बनेगी। पंवार ने बताया, कि धर्म शाला के निर्माण के लिए अहमदाबाद महानगर पालिका में पत्रावली पेश कर दी है, मंजूरी मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

वर्ष 2020 में काम पूरा होने की संभावना है। धर्मशाला के 17 कमरों के निर्माण का जिम्मा दानदाताओं ने ले लिया है, जबकि 13 कमरों की जिम्मेदारी ली जानी बाकी है, इसके लिए भी दानदाता जल्द तैयार हो जायेगें।



पूर्व केन्द्रीय मंत्री जे. डी. सेनम ने महात्मा फूले को बताया सामाजिक क्रांति का जनक

# सर्व समाज ने महात्मा ज्योति बा फूले की 128वीं पुण्यतिथि पर किया नमन



जोधपुर। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, साक्षरता आन्दोलन के प्रवर्तक महात्मा ज्योति बा फूले की 128 वीं पुण्यतिथि पर महात्मा ज्योति बा फूले तिराहा, महामंदिर, जोधपुर पर बुधवार, 28 नवबंर, 2018 को प्रातः 10.15 बजे पुष्पाजंलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत ने बताया कि पुष्पाजंलि आयोजन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री जे. डी. सेनम, जेडीए के पूर्व चेयरमेन राजेन्द्र सोलंकी, माली संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष पुखराज सांखला, सुमेर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाहा, फूले के सिद्वान्तों को घर घर पहुंचाने के कार्य करने वाले शिक्षाविद् चेतनप्रकाश नवल, क्षेत्रीय पार्षद अरविंद गहलोत, राजस्थान एस. टी. सेल के प्रभारी रविन्द्र दलवी, सुमेर शिक्षण संस्थान के अरविंद परिहार, महात्मा ज्योति बा फूले महिला मोर्चा की श्रीमती प्रेमलता परिहार, डॉ अनुलता गहलोत, माली युवा महासभा के पदाधिकारियों नितेश कच्छवाहा, सुमित गहलोत, विरेन्द्र चौहान, लक्ष्मण भाटी के साथ ही राघवेन्द्र सांखला, शिव भाटी के साथ ही प्रेस फोटोग्राफर जगदीश देवड़ा, चेतनप्रकाश माली, छोटु सिंह गहलोत, विरेन्द्र सिंह कच्छवाहा, जयनारायण सांखला सहित समाज के अनेकों संस्थाओं के प्रबुद्वजनों ने महात्मा ज्योति बा फूले की प्रतिमा पर पुष्पाहार एवं पुष्पाजंलि कर श्रद्वाजंलि अर्पित की।

इस अवसर पर माली संस्थान जोधपुर के बहु प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान में अध्यनरत सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने महात्मा फूले को पुष्पाजंलि अर्पित कर उनके जयकारे लगाए एवं उनके जीवन से शिक्षा लेने का प्रण लिया।

इस अवसर पर पूर्व जेडीए चेयरमेन राजेन्द्र सोलंकी ने बताया कि सैकड़ों वर्ष पूर्व महात्मा ज्योति बा फूले ने विषम परिस्थितियों में पिछड़ों, दलितों को शिक्षा एवं न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया और अपनी धर्मपत्नी को शिक्षित कर भारत की प्रथम महिला अध्यापिका बनाने का गौरवशाली कार्य किया। माली संस्थान के अध्यक्ष पुखराज सांखला ने कहा महात्मा फूले ने उस जमाने में नारी को शिक्षित करने एवं छूत अछूत मिटाने के लिए शुद्रों अतिशुद्रें के लिए अनेकों ऐसे कार्य किए जो आज भी याद किए जाते है उन्होंने न केवल शिक्षा, विधवा विवाह करवाया, देवदासी प्रथा, नारी मुक्ति जैसे अनेकों अनेक कार्य किए। इस अवसर पर शिक्षाविद् चेतनप्रकाश नवल ने सभी प्रबुद्वजनों को महात्मा ज्योति बा फूले का चित्र एवं साहित्य भेंट कर बताया कि महात्मा ज्योति बा फूले से डॉ. अम्बेडकर भी प्रेरित थे वे उन्हें अपना आदर्श मानते थे। महात्मा फूले ने समकालीन समाज में फैली अशिक्षा, गरीबी, स्त्रियों की दयनीय स्थिति शोषण आदि का डटकर विरोध किया था।

# संत शिरोमणि लिखमीदास जी का जीवन प्रसंग "जीनगर के लड़के को मिला जीवनदान"

प्रातः स्मरणीय संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज ने अपने जीवन काल में अनेक चमत्कार किए उन चमत्कारों का उद्देश्य सभी का परोपकार हो किंतु उन्होंने स्वयं अपने लिए एवं अपने परिवार के लिए कुछ भी नहीं किया उन्हें अपने आराध्य द्वारिकाधीश अवतारी बाबा रामदेव जी पर पूरा भरोसा रहा जो प्रतिदिन उन्हें कुमकुम के चरण रज के रूप में दर्शन दिया करते और भक्त शिरोमणि लिखमीदास जी के माध्यम से सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते और आज भी पूरी कर रहे हैं संत शिरोमणि ने अपना तन मन एवं धन सब कुछ बाबा रामदेव जी को समर्पित कर दिया था इसलिए बाबा रामदेव जी भी उन्हें अपना अनन्य भक्त मानते थे और संत शिरोमणि से ज्यादा लगाव रखते ।

भक्त शिरोमणि के पास नित्य प्रतिदिन सत्संग भजन जागरण कीर्तन के लिए हमेशा कहीं ना कही का बुलावा आता रहता था और वह समय पर पहुंचकर प्रभु भक्ति में लग जाते। एक समय जब जैसलमेर क्षेत्र में सत्संग हेतु गए हुए थे उसी दौरान रीक जी मोची (जीनगर) सामान्य रूप से अपना जीवन जी रहे थे कि अचानक उनके एकमात्र पुत्र का स्वर्गवास हो गया जिससे उनकी बनी बनाई गृहस्थी उजड़ गई। परिवार सगे संबंधियों ने रोना–धोना शुरू कर दिया उन के लड़के की अचानक मृत्यु पर पूरे गांव में सन्नाटा छा गया किसी को भी मृत्यु का कारण पता नहीं चल पाया उन दिनों संत शिरोमणि ने जैसलमेर के सूखे बाग में सत्संग किया और सुबह होते ही पूरा बाग हरा भरा हो गया यह जानकारी सभी को मालूम थी तो इसी कारण कुछ व्यक्तियों ने यह प्रस्ताव रखा कि जब सूखा बाग हरा भरा हो सकता है। तो रिक जी मोची का पुत्र भी जीवित हो सकता है इस प्रस्ताव पर कुछ ने सहमति जताई और कुछ ने असहमति जताई । अंत में सभी ने एकमत होकर निर्णय लिया और इस निर्णय में मृत लड़के को लेकर संत शिरोमणि की शरण मैं गए।



संत शिरोमणि उस समय उसी क्षेत्र में जागरण हेतु गए हुए थे। लोग उस मृत बालक को लेकर पहुंचे और उन्होंने संत शिरोमणी से निवेदन किया कि यह लड़का अब आप की शरण में आया है आप जब सूखे बाग को हरा भरा कर सकते हैं तो इसे भी आप जीवनदान दे सकते हैं इसी आशा से हम आपके पास आए हैं हमें निराश मत करना।

इस बात पर संत शिरोमणि में उस अपार जनसमूह को समझाया कि मारने वाला व जीवित करने वाला वह परमपिता है उसकी कृपा दृष्टि हो जाए तो सब कुछ हो सकता है और हम उस परमपिता से प्रार्थना करें वह चाहे तो इसे जीवित कर सकते हैं उन्होंने उसी समय उनके आराध्य देव द्वारिकाधीश अवतारी बाबा रामदेव जी की प्रार्थना की उनकी प्रार्थना से प्रसन्न होकर साक्षात बाबा रामदेव घोड़े पर बैठकर प्रकट हुए और उन्होंने उस मृत बालक पर पानी के छींटे मारें और कहा तेरी नींद पूरी हो गई अब उठ जा उसी समय जब जल के छींटे पड़े तो बालक आंख मसलाता हुआ उठ खड़ा हुआ। और कहा बाबा आज मुझे नींद बहुत आई यह चमत्कार होते ही बाबा रामदेव जी एवं संत शिरोमणि जी के जयकारे लगने शुरू हो गए और सारा जनसमूह खुशी से नाच गाने लगा जीनगर समाज आज भी बड़ी श्रद्धा से संत शिरोमणि लिखमीदास जी की पूजा अर्चना करता है। इस प्रकार संत शिरोमणि लिखमीदास जी द्वारा अनेको अनेक चमत्कार मारवाड़ की धरा पर किये और ख्याति पाई।

जब 80 वर्ष की अवस्था में संत शिरोमणि आए तो रामदेव जी ने प्रकट होकर कहा कि आप मेरे साथ वैकुंठधाम चलने को तैयार हो जाओ संत शिरोमणि ने बाबा का आदेश मानते हुए उसी समय समाधि खुदवाकर जीवित समाधि ली और वह सदा सदा के लिए अमर हो गए। उस दिन आसोज सुदी छठ नवरात्रा संवत् 1887 का दिन था । उसी समय से आज तक अमरपुरा में आकर संत शिरोमणि लिखमीदास जी की समाधि आकर जिसने जो भी मांगा उन सब की मनोकामना पूर्ण होती रही है।

वर्तमान समय में अमरपुरा नागौर में संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज स्मारक संस्थान के माध्यम से एक भव्य स्मारक बनाया गया है जिसका उद्घाटन 5 दिसंबर 2016 को बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में देश विदेश के दस लाख श्रद्धालु ने आकर संत शिरोमणि की समाधि पर अरदास लगाई उन सभी को मनोवांछित फल प्राप्त हुआ आज भी इस समाधि पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आकर अपनी मन्नत मांगते हैं जो यथा समय पूरी हो रही है।

**'जय–जय लिखमीदास जी महाराज'**

प्रस्तुति : **हरगोपाल भाटी**
अन्नपूर्णा मंदिर, बड़ा बाजार
झालावाड़

# समाज की प्रतिभाश्री सैनी को उभरती युवा कवयित्री का मिला सम्मान

गाजियाबाद। चर्चित कवयित्री शायरा प्रतिभाश्री ने गाजियाबाद में आयोजित मैराथन मुशायरा सह कवि सम्मेलन में भाग लेकर शहर को गौरवान्वित किया है। गाजियाबाद में वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के लिए आयोजित मुशायरा में देश के नामी शायरों के साथ नवोदित शायरों को मौका दिया गया। प्रतिभा शहर के नूरनगंज मौहल्ले के कामेश्वर सिंह की पुत्री है। जो फिलहाल बीएचयू से स्नातक की छात्रा है। वे कई कवि सम्मेलनों में शिरकत कर चुकी है। टीवी चैनल गंगा पर भी उनका काव्य पाठ शीध्र होने वाला है। उन्हें आरती युवा कवयित्री का सम्मान भी मिला है। प्रतिभा ने बताया दादरी (गाजियाबाद) में मैराथन मुशायरा का वर्ल्ड रिकार्ड अब तक पाकिस्तान के नाम था, जहां 39 घंटे का मैराथन मुशायरा हुआ था। इसे जोड़ने के लिए शायर नदीम फारूक की पहल पर विश्व रिकार्ड बनाने के लिए मैराथन मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

101 घंटे, 21 मिनट 4 सैकेंड चले मैराथन मुशायरा व कवि सम्मेलन में देशभर के 603 कवियों, कवित्रियों व शायरों ने भाग लिया। बताया उन्हें भी काव्यपाठ के लिए आमंत्रित किया गया था। कहा कि इस अद्भुत कवि सम्मेलन में काव्यपाठ कर विश्व रिकॉर्ड बनाने में अपनी भागीदारी की। प्रतिभा की इस उपलब्धि पर प्रगतिशील लेखक संघ के सदस्यों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में कवि नर्मदेश्वर, डॉ. मृत्युंजय सिंह, शायर शोयब रूमी एवं अन्य शामिल है।

**15वें सत्र में मिला काव्यपाठ का मौका**

प्रतिभा ने बताया कि 101 घंटे के मैराथन मुशायरे में कई सत्र हुए। 15वें सत्र में उन्हें काव्यपाठ का मौका मिला। दो गजल व कविता की प्रस्तुति की। एक शेर फर्श–ए–मखमल पर यहां कब्जा राह की लाचार का और कैटिली राह को लाचारा तय करने लगा को श्रोताओं ने खूब पसंद किया।

**नामी शायरों की रही भागीदारी**

प्रतिभा ने बताया कवि सम्मेलन में देश के नामचीन शायरों की भागीदारी रही। डॉ. राहत इंदौरी, वसीम बरेलवी, डॉ. हरिओम पंवार, अंजुम रहबर, विष्णु सक्सेना, अना देहलवी, जौहर कानपुरी, सतलज राहत, अमित शर्मा, दमदार बनारसी आदि मौजुद थे।

### माली (सैनी) समाज का महासम्मेलन वक्ताओं ने सामाजिक चेतना पर दिया जोर

# समाज आगामी विधानसभा चुनावों में एकजुट होकर दिखाए अपनी ताकत : कच्छवाह

डेगाना। माली (सैनी) समाज का तहसील स्तरीय महासम्मेलन डेगाना गांव स्थित हरिसिंह पैलेस में आयोजित हुआ। महासम्मेलन में समाज के जिले भर के पदाधिकारी शामिल हुए और समाज की राजनैतिक, सामाजिक व शैक्षिक चेतना के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा की। महासम्मलेन की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान माली महासभा के अध्यक्ष ओंकारराम कच्छावा ने कहा कि माली समाज की संख्या के अनुसार निचले पर उसे प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। इसका कारण है कि माली समाज अपनी ताकत नहीं पहचान पा रहा है और ना ही राजनैतिक रूप से संगठित है। ऐसे में जरूरी है कि हर चुनाव में भाग लें और तोल–मोल कर ही अन्य दलों को समर्थन करें।

सभा मं माली समाज के नागौर जिलाध्यक्ष कृपाराम गहलात न कहा कि आज के समय में शिक्षा पर बिनो जोर दिए किसी भी समाज की उन्नति सम्भव नहीं है। युवा शिक्षा को बदलाव का हथियार बनाएं और वरिष्ठजन उनके सपने साकार करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में समाज की प्रतिभाएं आईएएस, आरएएस जैसी सेवाओं में भी आगे आ रहा है, ये सब शैक्षिक जागृति से ही संभव हो पाई है।


लाडनूं शहर अध्यक्ष मुरली मनोहर टाक ने कहा कि समाज सामाजिक चेतना पर भी ध्यान दें और समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करें और दहेज प्रथा, मृत्यु भोज जैसी प्रथा को खत्म करें।

**माली समाज अन्य कौमों को लेकर सशक्त बनें**

माली समाज के डेगाना अध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने कहा कि अब समय आ गया है, जब माली समाज अन्य कौम को साथ लेकर राजनैतिक रूप से सशक्त बनें। इसके लिए जरूरी है माली समाज राजनीति में मुखर होकर आगे आए और क्षेत्रीय मुद्दों व समाज हित दोनों में बेहतर सामंजस्य बनाते हुए आगे बढ़े। बैठक में वक्ताओं ने समाज के विकास जुड़े सुझाव दिए और लगातार इस तरह के महासम्मेलन के आयोजन पर जोर दिया।

**जिलेभर से पहुंचे समाजबंधु**

महासम्मेलन में सैनी समाज मेड़ता अध्यक्ष शंकरलाल टाक, मकराना अध्यक्ष भंवरलाल गहलोत, 6 गांव सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला, भोपालगढ़ अध्यक्ष हुक्माराम देवड़ा, कुचेरा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष पुखराज टाक, जायल सैनी समाज अध्यक्ष धन्नाराम सोलंकी, नावां अध्यक्ष हरदीनराम जीलिया, खींवसर अध्यक्ष जगदीश कच्छावां, कमल भाटी, धर्माराम, रामजीवन, बाबूलाल गहलोत, नानूराम, तेजाराम आदि मौजूद थे।



# फंगस पर जेएनवीयू की पुस्तक का पुणे में विमोचन

## वनस्पति शास्त्र के शिक्षक डॉ. गहलोत की है कृति

जोधपुर, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग के सह–आचार्य डॉ. प्रवीण गहलोत की जर्मनी स्थित अन्तरराष्ट्रीय स्प्रिंगर पब्लिकेशन से प्रकाशित पुस्तक 'फंजाई एण्ड देयर इन सस्टेनेबल डवलपमेन्ट' का विमोचन पुणे में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय फंगल बायोलोजी कांफ्रेस में किया गया। अन्तरराष्ट्रीय माइकोलोजी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर डेविड हाक्सर्वथ ने इसका विमोचन किया।

कांन्फ्रेंस विभिन्न देशों से आए 300 फंगस विशेषज्ञ और भारत के विभिन्न प्रांतों के वैज्ञानिक व शोधार्थी मौजूद थे। विमोचन समारोह में प्रोफेसर बार्क बुइक (फ्रांस), प्रोफेसर फ्रेंक अकाह (घाना), शीरान लियांग (चीन) ने किताब की समीक्षा करते हुए इसे वर्तमान समय में फंजाई का सतत् विकास में योगदान के लिए अति महत्वपूर्ण बताया। डॉ. प्रवीण गहलोत ने इसी विषय पर अपना प्रजेन्टेशन भी दिया था। वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार कसेरा व अन्य शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

# अशोक गहलोत के वापस बन रहे राजसुख के योग!



**प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री को लेकर ज्योतिषियों ने शुरू किए दावें, वसंधुरा के मुकाबले ग्रह–नक्षत्र गहलोत के पक्ष बता रहे ज्योतिषि**

जोधपुर। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए इस बार भी वापस राजसुख के योग बन रहे है। अगर वे थोड़ी सी सावधानी बरते तो उन्हे वापस सता का सुख मिल सकता है। ऐसा हम नहीं गहलोत के ग्रह नक्षत्र कह रहे है। ग्रह–नक्षत्रों के मुताबिक वसुंधरा राजे के लिए इस बार सत्ता पाने में अड़चने है। हालांकि उनका जीतना तय है, लेकिन सिहांसन तक पहुंचना उनके लिए कांटो भरी डगर पर चलना है।

विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही पूरे प्रदेश में सता सिंहासन को लेकर तर्क वितर्क शुरू हो रहा है। गांवों के चौपालों से लेकर सट्टा बाजार तक मुख्यमंत्री के नामों पर दावे किए जा रहे है। नए मुख्यमंत्री को लेकर ज्योतिष तंत्र भी पीछे नहीं है। वर्तमान में प्रदेश में दो प्रमुख पार्टिया कांग्रेस और भाजपा है। इन दोनों पार्टियों में ही एक मुख्यमंत्री बनेगा। भाजपा वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित कर चुकी है। वहीं कांग्रेस में अशोक गहलोत का नाम सूची में सबसे ऊपर है। इन दोनों नामों पर ज्योतिषियों ने भी अपने–अपने दावें शुरू कर दिए है।

ज्योतिषियों ने दोनों राजनेताओं की कुंडलियों का विस्तृत अध्ययन किया है और उसके बाद अशोक गहलोत को वापस मुख्यमंत्री बनने का दावा किया है। हालांकि इसमें थोड़ी सी अड़चन भी बताई जा रही है। उनका कहना है कि गहलोत की पत्रिका में लक्ष्मीनारायण योग बन रहा है जो हमेशा शुभ फलदायी रहता है। थोड़ी सी सावधानी सतर्कता उन्हें जीत की ओर ले जा सकती है। वहीं वसुन्धरा राजे को इस बार कई मुश्किलों का सामना करना पडेगा।

वसुंधरा राजे : शनि की नीच दृष्टि के कारण रहेगी नुकसान की आशंका

वसंधुरा राजे का जन्म 8 मार्च 1963 में सिंह लग्न वृश्चिक राशि में हुआ। लग्न का स्वामी सूर्य लग्न का ही देख रहा है, अतः वसुंधरा साहसी होने के साथ दबंग भी है। वसुंधरा के जन्म क समय दशम् भाव का स्वामी शुक्र पंचमश व अष्टमेश गुरु के साथ होकर नवम् भाग्य भाव में है। यह मेष राशि में होने से खंडित राजयोग बन रहा है। जन्म के समय नीच का चन्द्रमा होने से वसुंधरा ... वक्त है। कभी कभी वाणी के कारण विरोध का भी सामना करना पडता है। इस चुनाव में भाग्य भाव पर शनि की नीच दृष्टि व भाव का अष्टम भाव में होना नुकसानप्रद रहेगा। हालांकि गुरु का गोचरीय भ्रमण पंचम दृष्टि पडने से राजयोग बन रहा है। अतः वसुंधरा का जीतना तो तय है लेकिन सता के गलियारे तक पहुंचना जरा मुश्किल है। वसुंधरा के जन्म के समय शत्रु पक्ष का स्वामी शनि वक्री होकर तृतीय भाव में है व वर्तमान में शनि उच्च का होकर अस्त है। यह योग सावधानी की ओर संकेत करते है। थोड़ी सी असावधानी सता से दूर कर सकती है।

**अशोक गहलोत** : ग्रह नक्षत्र कह रहे है विरोधी पक्ष पर हमेशा हावी रहेंगे। गहलोत के जन्म के समय मंगल होकर द्वितीय यानी वाणी भाव में उच्च के सूर्य व बुध के साथ स्वराशि का है। जब भावेश धन भाव में हो तो वाणी का प्रभाव उत्तम रहता है। शत्रु भाव का स्वामी सूर्य उच्च का है व वर्तमान में सिंह राशि का भी है। अतः गहलोत विरोधी पक्ष पर हावी रहेंगे। दशम् भावी का स्वामी चंद्र लग्न में स्वराशि का होकर केन्द्र में यह हंस योग कहलाता है। यही वजह है कि गहलोत बुध लग्न होने के साथ कुशल प्रशासक भी है। वर्तमान में गुरु दशम भाव का स्वामी मिथुन राशि में है। गुरु चतुर्थ भाव भ्रमण करने व सप्तम मिथुन राशि मं है। गुरु चतुर्थ भाव भ्रमण करन द सप्तम दृष्टि से राज्य भाव को स्वदृष्टि से देखने की वजह स पुनः राजसुख के योग बन रहे है।

# युवक–युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न में बेबाकी से दिया परिचय

सवाई माधापुर। माली (सैनी) समाज जिला सवाई माधोपुर के तत्वावधान मे रविवार 25 नवम्बर 2018 को शिवम् मैरिज गार्डन आलनपुर सवाई माधोपुर मे युवक–युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमे सवाई माधोपुर जिले से समाज बन्धुओ ने शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फूले व सावित्री बाई फूले की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित करके किया गया। माली समाज के जिला प्रवक्ता राजेश सैनी के अनुसार माली समाज के विवाह योग्य युवक–युवतीयो ने निर्धारित प्रपत्र मे पंजीयन फोर्म भरे इसके लिए दो पासपोर्ट साईज फोटो व आधार कार्ड व आयु प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी अनिवार्य थी।

कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष कमलेश बारवाल,जिला कोषाध्यक्ष कुन्जी लाल सैनी,जिला महामन्त्री मुकेश माली,जिला प्रभारी प्रभुदयाल सैनी,जिला संरक्षक कैलाश नारायण सैनी,युवा अध्यक्ष रविशंकर सैनी,तहसील अध्यक्ष रामलाल सैनी,कोर कमेटी सदस्य हनुमान सैनी पार्षद,सचिन सैनी,सैनी विकास संस्थान अध्यक्ष सुरेन्द्र सैनी,प्रदेश महामन्त्री भगवान माली,सैनी वल्ड अध्यक्ष युवराज सैनी,नन्दकिशोर सैनी,शंकर सैनी सेकेटरी,देवपाल सैनी,कैलाश सैनी पार्षद,चौथमल पटेल सहित बड़ी संख्या मे समाज बन्धु मौजूद थे।

कार्यक्रम मे विभिन्न संगठनो के पदाधिकारीयो का जिला कार्यकारिणी द्वारा माला पहनाकर एंव साफा बन्धवाकर सम्मान किया द्यसमाज के जिला अध्यक्ष कमलेश बारवाल ने कहा कि आज के समय मे ऐसे कार्यक्रमो कि



जरूरत है। इस तरह के कार्यक्रमो से समाज मे जागृति आती है द्यआगामी 03 जनवरी 2019 को सैनी छात्रावास आलनपुर सवाई माधोपुर मे होने वाले सावित्री बाई फूले मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के बारे मे समाज बन्धुओ को जानकारी दी गई। कार्यक्रम की समाप्ति पर जिला कार्यकारिणी ने कार्यक्रम मे पधारे हुए सभी समाज बन्धुओ का आभार व्यक्त किया

# कानपुरा की बेटी टीना माली बनी मिसेज इंडिया यूनिवर्स इंटरनेशनल 2018

**मिसेज इंडिया यूनिवर्स इंटरनेशनल 2018 की प्रतियोगिता 21 अक्टूबर से शुरू हुई थी एवं 26 अक्टूबर की रात को हुआ फाइनल मुकाबला**



शिवगंज। कानपुरा गावं हाल मुम्बई निवासी शंकरलाल माली की बेटी टीना माली मिसेज इंडिया यूनिवर्स इंटरनेशनल 2018 बनी है। महाराष्ट्र के पूना शहर में शुक्रवार रात फाइनल प्रतियोगिता के बाद आयोजित समारोह में टीना माली को यह खिताब दिया गया। यही नहीं टीना को समारोह में मिसेज फोटोजेनीक व मिसेज ब्यूटीफुल हेयर में भी स्थान मिला है।

मिसेज इंडिया यूनिवर्स इंटरनेशनल चुनी गई टीना माली बाड़मेर जिले के बालोतरा की बहू है और निजी स्कूल में एडमिनिस्टेटर है। मिसेज इंडिया यूनिवर्स इंटरनेशनल 2018 की प्रतियोगिता 21 अक्टूबर में शुरू हुई थी एवं 26 अक्टूबर की रात को फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें 25 महिलाओं ने भाग लिया। इसमें से टीना माली ने राजस्थानी संस्कृति, महिला उत्थान पर दमदार भाषण और रेम्प पर शानदार प्रदर्शन कर यह कामयाबी हासिल की। टीना हाल मुंबई में रहती है एवं इनके पिता शंकरलाल माली का मोहपाड़ा में व्यवसाय है।

टीना को तीन अवार्ड मिलने पर उनके ससुराल बालोतरा व पैतृक गांव कानपुरा में खुशी की लहर है। प्रतियोगिता का खिताब जीतने पर टीना ने समूचे राजस्थान का आभार जताया है। प्रतियोगिता के आयोजक तुषार धारीवाल थे।

# अच्छी पहल चाची को ब्लड के लिए तड़पता देख वाट्‌टअप ग्रुप बनाकर रक्तदान अभियान

**जनसेवक संघ ग्रुप के शंकर लाल सैनी ने अब तक किया 5000 यूनिट रक्त संग्रहित**



नायन ग्राम की ढाणी भोजावली के रहने वाले शंकर लाल सैनी ने चार साल पहले सवाई मानसिंह अस्पताल में अपनी चाची प्रेम देवी को रक्तदान के लिए तड़पता देख सोशल मीडिया को माध्यम बनाकर रक्तदान का अभियान चलाया था।

शंकर लाल सैनी ने अपने मित्र इरफान चौहान व अन्य मित्रों के साथ मिलकर जनसेवक संघ नामक एक संगठन बनाकर व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया तथा लोगों को रक्तदान करने की प्रेरणा देने के लिए अभियान में जुड गए। इसके बाद सैनी ने लोगों को जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान करना शुरू किया और ग्रुप को पूरी तरह रक्तदान के लिए समर्पित कर दिया। जनसेवक संघ नाम से चल रहे इस ग्रुप को अब 24 घंटे सेवाएं रक्तदान के लिए उपलब्ध रहती है। किसी भी जरूरतमंद को रक्त की जरूरत होती इस ग्रुप की तरफ से तुरंत मुहैया करवाया जाता है। प्रदेश अध्यक्ष शंकर लाल सैनी ने बताया चार साल पहले एसएमएस में दुर्घटना के दौरान जब अपनी चाची प्रेमदेवी पत्नी मंगलचन्द सनी को रक्त की जरूरत पड़ी लेकिन ओ नेगेटिव ब्लड कहीं भी नहीं मिला और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों न एसएमएस अस्पताल जाकर ओ नेगेटिव ब्लड डोनेट किया तो शंकर सैनी ने रक्तदान के लिए सोशल मीडिया को माध्यम बनाया। इसके बाद अपना जीवन रक्तदान को समर्पित ग्रुप बनाने का विचार आया ताकि खून की कमी की वजह से किसी की भी जान ना जाए।

इसके बाद प्रदेश के सक्रिय रक्तदाताओं को इस ग्रुप में जोड़ा गया वर्तमान में हजारों सक्रिय रक्तदाता इस ग्रुप से जुड़े हुए है। जो लोगों को जरूरत पड़ने पर रक्तदान करते हैं इसके अलावा समय–समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर राजकीय अस्पताल में रक्तदान किया जाता है इसके लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित किया जाता है इस वर्ष में अब तक रक्तदान शिविर के माध्यम से 1600 यूनिट से ज्यादा रक्तदान करवाया। 400 से ज्यादा रक्त दाताओं ने रक्तदान किया।

**कई बार किया रक्तदान** : पहला रक्तदान शिविर नायन में 25 सितंबर 2016 को लगाकर अभियान चलाया। नायन में प्रथम रक्तदान शिविर में 268 यूनिट रक्त एकत्रित किया। दूसरा रक्तदान शिविर जयपुर मानसरोवर में लगाया, जिसमें 111 यूनिट एकत्रित किया, तीसरा रक्तदान शिविर कोटपूतली में लगाया जिसमें 378 यूनिट एकत्रित किया, चौथा रक्तदान शिविर दूदू मं लगाया जिसमं 255 यूनिट एकत्रित किया।

इसके बाद पांचवा पावटा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 176 यूनिट एकत्रित किया, छठा रक्तदान शिविर पावटा में आयोजित किया गया जिसमें 182 यूनिट रक्त एकत्रित किया। सातवां रक्तदान शिविर मडा में 140 यूनिट रक्त एकत्रित किया, आठवां शिविर क्रोमा ब्लड बैंक में आयोजित किया गया जिसमें 60 यूनिट एकत्रित किया, नया रक्तदान शिविर टसकोला में आयोजित किया, जिसमें 272 यूनिट एकत्रित किया 10वां रक्तदान शिविर शाहपुरा के राडावास ग्राम में शहीदों के सम्मान में आयोजित किया जिसमें 368 यूनिट एकत्रित किया। इसके अलावा डेंगू और मलेरिया में 400 से ज्यादा एसडीपी डोनेट की साथ ही प्रदेश के कई जिलों में रक्तदान शिविर आयोजित कर हजारों यूनिट रक्तदान कर लोगों की जान बचाई।

**शंकरलाल ने किया 22 बार रक्तदान** : प्रदेश में फैल रहे डेंगू मलेरिया जैसे वायरल बीमारियों में मरीज की प्लेटलेट्स कम होने के कारण मरीज के बचने के चांस कम रहते है इसमें अगर मरीज को तुरंत एसडीपी मिल जाए तो मरीज बचने की स्थिति में आ जाता है इसी को ध्यान में रखते हुए शंकर लाल ने 16 बार एसडीपी दान एवं 6 बार रक्तदान कर 22 लोगों की जान बचाई। **लोगों को करते हैं प्रेरित** : रक्तदान को लेकर लोगों में अभी भी भ्रम की स्थिति है ऐसे में ग्रुप के सक्रिया सदस्य विद्यालय में सार्वजनिक कार्यक्रम एवं रक्तदान के प्रति लोगों को प्रेरित करते हैं। लोगों को हमेशा दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान करने से बड़ा कोई पूण्य नहीं है।

### ई शिक्षा में ई उत्कर्ष की सुनामी

# उत्कर्ष क्लाजेस ने लांच किया ई–एज्यूकेशनल एप पहले ही दिन 40 हजार लोगों ने किया डाउनलोड



जोधपुर। ई शिक्षा की दुनिया में उत्कर्ष क्लासेज की ओर से एक दिन पहले बुधवार को लांच किए मोबाईल एप विश्व ट्रेडिंग में नंबर वन के तौर पर सराहा गया है। शिक्षा के क्षेत्र में इस सफलता को सुनामी की संज्ञा दी जा रही है। लांचिंग के पहले दिन एप को 4.8 की रैटिंग व 48 घंटो के बाद भी वर्ल्ड टॉप ट्रेडिंग में इसका निरंतर नंबर 1 बने रहना उत्कर्ष क्लासेज की लोकप्रियता की मिसाल है। संस्थान के निदेशक निर्मल गहलोत ने जब इस एप को लांच किया उस समय हजारों लोग बड़ी कंपनियों के उत्पादों की लांचिंग की तरह इस कार्यक्रम का भी वीडियो देख रहे थे। ई उत्कर्ष मोबाईल एप को शिक्षा के क्षेत्र में सर्वाधिक सुविधाओं से युक्त एप माना जा रहा है।

**एप इसलिए है खास**

स्मार्ट स्टडी के युग में इस एप में ई बुक्सए लाइब्रेरी, क्रिएट टेस्ट मुख्य आकर्षण है। वहीं ई बुक्स के जरिए विभिन्न पृष्ठों को हाईलाईट्स कर सकते है उससे संबंधित अन्य तथ्यों की खोज भी कर सकते हैं। इस टॉपिक पर संभावित प्रश्नों की व्याख्या सहित सूची प्राप्त की जा सकती है। अथवा उस पर वीडियो भी देख सकते है। शिक्षण प्रक्रिया का सरलीकरण करता ई उत्कर्ष हजारों किलोमीटर दूर बैठे विद्यार्थियों तक शिक्षा की पहुंच को भी सुनिश्चित करेगा। सभी परीक्षाओं के पूर्व प्रश्न पत्र, अभ्यास प्रश्न पत्र के साथ–साथ अभ्यर्थियों की जिज्ञासाओं का ऑनलाईन समाधान भी इसमें संभव है। ई उत्कर्ष में टेस्ट जनरेटर, टेक्ट टू स्पीच एवं मीडिया रिसॉर्स जैसे ऑप्शन ने इसे घर बैठे ज्ञान की गंगा उपलब्ध करवा दी है। निदेशक निर्मल गहलोत ने बताया कि इस एप को एक ही दिन में 40 हजार से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है। इससे पहले उत्कर्ष के यू ट्यूब चैनल ने संपूर्ण भारत में जोधपुर का नाम रोशन किया था।

# वियतनाम में योग की अलख जला रहे नारनौंद के दीपक सैनी

### बेरोजगारी को मात देकर बना योग शिक्षक, भारत की कला का कर रहे प्रचार–प्रसार।

नारनौंद। तीन साल पहले बेरोजगारी की लाइन में खडे हरियाणवी छोरे ने बेरोजगारी को ठेंगा दिखाते हुए योग की ऐसी कला सीखी कि आज वो हर महीने लाखों रूपये कमाकर बेरोजगार युवकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना हुआ है। योग की कला विदेशियों को सीखाकर देश का नाम भी रोशन कर रहा है। हरियाणा के हलवाई का व्यवसाय करने वाले का बेटा इन दिनों विदेशों में योग सिखाकर अपनी कला के जौहर दिखा रहा है। उनके द्वारा करवाए जा रहे योग को विदेशी खूब पसंद कर रहे है और विदेशों में वो हरियाणवी छोरे के नाम से खूब प्रसिद्धी हासिल कर रहा है।

नारनौंद निवासी दीपक बीए की पढाई पूरी करके नौकरी की तलाश में घूम रहा था तो वो दिल्ली चला गया और वहां पर नौकरी नहीं मिलने के कारण वो काफी परेशान हुआ। उसके दिमाग न काम किया कि योग की शिक्षा ग्रहण करने के बाद वो देश व विदेशों में योग शिक्षक बनकर देश का नाम रोशन करेगा। उसने दो वर्ष का दिल्ली की एक संस्थान से योग का डिप्लोमा ग्रहण किया और अपने दोस्त की मदद से करीब एक साल पहले वियतनाम चला गया। वहां पर उसने एक योग संस्थान की स्थापना कर विदेशियों को योग सिखाना शुरू कर दिया। उसके द्वारा सिखाए गए योग को वहां के लोगों ने इतना पसंद किया कि वियतनाम के एक विदेशी ने उसको अमेरिका मं भी योग कला सिखाने के लिए भेजन का प्रस्ताव दिया है। दीपक के पिता नारनौंद कस्बे में ही एक छोटी सी हलवाई की दुकान चलाते है।

दीपक के पिता रामनिवास सैनी ने बताया कि उसका सपना था कि उसका बेटा पहलवानव बनकर देश का नाम रोशन करे। लेकिन वो पहलवानी को छोड़कर योग में अपना भविष्य तलाशने लगा तो वो कुछ ही समय के बाद एक अच्छा योग शिक्षक बनकर विदेशों में लाखों रूपये कमा रहा है। समाज के योग शिक्षक दीपक सैनी के देश विदेश में समाज को गौरवान्वित करने पर माली सैनी संदश पत्रिका परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

### प्रदेश स्तरीय सावित्री बाई फुले एचीवर अवार्ड समारोह

# महिला कोमल है लेकिन कमजोर नहीं इसलिए उसे शक्ति का रूप कहा गया है : स्वामी कुशालगिरी महाराज



पीपाड़। ब्रह्मा, विष्णु और महेश को भी यदि शक्तियों की आवश्यकता होती है तो उनको भी माँ भगवती से शक्तियां अर्जित करनी पड़ती है। यह शास्त्रों में उल्लेखित है इसलिए महिला को शक्ति का रूप कहा गया है। उक्त विचार सावित्री बाई फुले युवा महिला मंडल द्वारा रविवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय सावित्री बाई फुले एचीवर अवार्ड प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कौशल विकास प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम समारोह के अवसर पर महामंडलेश्वर कुशाल गिरी महाराज ने बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त करते हुए व्यक्ति किए। उन्होनें कहा कि महिला कोमल है लेकिन कमजोर नहीं है और सत्य का नाम ही नारी है और इसी को चरितार्थ किया है। सावित्री बाई फुले ने जिन्होंने अपने दौर में महिला शिक्षा, सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिए संघर्ष किया। कुशालगिरी महाराज ने कहा कि इस आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में अपने–अपने क्षेत्र में शून्य से शिखर तक पहुंचने का प्रयास करने वाली विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को जो सम्मान दिया ह। विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वालों को एक ही मंच पर आमंत्रित किया है। वह संगठन धन्यवाद का पात्र है। स्वामी कुशाल गिरी महाराज ने कहा कि ऐसी सामाजिक सेवा वास्तव में अनुकरणीय है। जो महिला होने के नाते संयोजक मंडल ने ऐसा कार्यक्रम करवाया मनुष्य जीवन अनमोल है। इसको ऐसे नहीं गंवाना चाहिए। यह बड़ी मुश्किल से मिला है। उन्होंने इस धरती पर गोसेवा को भी अपने जीवन में उतारने का संकल्प सबको दिलवाया। कर्यक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष महेन्द्रसिंह कच्छवाहा ने संबोधित कतरे हुए कहा कि पीपाड़सिटी जैसे छोटे शहर में राज्य की विभिन्न स्तर पर अपने हुनर अपनी कला और अपनी सेवा के माध्यम से झंडे गाड़ने वाली शख्सियतों को आमंत्रित करना और उनको सम्मान देना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले युवा महिला मंडल ने विगत दिनों में समाज सेवा के क्षेत्र में अच्छा कार्य किया है। उनके माध्यम से प्रतिभाओं को सम्मान मिला है। ऐसे मौके पर आना गौरव की बात है।

**इन्होंने भी किया संबोधित**

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि के तौर पर पार्वती जांगिड़ युवा संसद भारत चेयरपर्सन, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान की ब्रांड एंबेसडर इंटरनेशनल एथलीट स्नेहा जैन, श्रीमती प्रमिला चौधरी डायरेक्टर सीटीसी व पूर्व सरपंच खारिया खंगार, जुमना देवड़ा सरपंच भोपालगढ़, करण सिंह राठौड़ अध्यक्ष बाबा रामदेव सेवा संस्थान, पत्रकार मोहम्मुद हुसैन डायर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज केसरिया बालम पधारो म्हारे देश गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी आए हुए मेहमानों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया गया और कार्यक्रम में खातू सपेरा और सविता कालबेलिया पार्टी द्वारा लोक नृत्य कालबेलिया घूमर तेरहताली नृत्य की विशेष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय मंच संचालक कवि श्रवण दान शून्य और मनीष सैनी बागवान ने कविताओं के माध्यम स समा बांधा और कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए शिक्षाविद् भवानी सिंह कच्छवाहा ने सावित्री फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पदचिह्नो पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राज्य व अन्य राज्य से पधारे सभी अर्वाडी को स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र एवं शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में और इसके बाद विशिष्ट अतिथि श्रीमती स्नेहा जैन ने लडकियो को चारदीवारी से बाहर निकल कर हर क्षेत्र में कुछ कार्य करने का मौका देना चाहिए। शिवा युवा संसद भारत की चेयरपर्सन पार्वती जांगिड़ ने अपने शब्दों में कहा कि हमे अपने भारतीय जवानो को भी सच्ची श्रद्धाजंलि देनी चाहिए। जो शहीद परिवार है उनका मान सम्मान देना चाहिए।

कार्यक्रम में डायरेक्टर संपत राज कच्छवाहा ने माय रोल ऐप का इंस्टॉलेशन करवाया गया और इसके माध्यम से विभिन्न प्रकार के सोशल मीडिया के फंक्शन के बारे में विभिन्न जानकारियों से अवगत करवाया। आयोजक सुमित्रा गहलोत ने युवा महिला मंडल की कार्यप्रणाली की रिपोर्ट पेश की ओर आगे भी ऐसे कार्य करन का संकल्प लिया और अध्यक्ष सरोज माली ने धन्यवाद उद्बोधन में सबका का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यकर्ता ममता, कुसुमलता, सोनिया, कंचन संरक्षक मंडल के मेहराम, अशोक गहलोत, जीतू सैनी, दिनेश महेंद्र, सोहनलाल टाक, करण रामनिवास मनोहर जवरीलाल, गोविंद राम सहित अन्य अतिथि मौजूद थे।

**इनका किया अभिनंदन**

सावित्री बाईफुले एचीवर अवार्ड सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनमें सुशीला प्रजापत, शालु शर्मा, श्रीमती मायासिंह, संतोष परिहार, विजय लक्ष्मी जांगिड़, विनायक शर्मा, दिनेश कच्छवाहा, पुखराज छिपा, मोहम्मद हुसैन डायर, राजेश मेहरडा, आदित्य कुमार राय, शिवानी कोहली, ममता लोको पायलट, राजश्री भाटी, हीरा भाटी, अनिता राजपुरोहित, दिनेश भाटी सहित अन्य प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

रिया बड़ी में माली समाज ने किया आयोजन, अब नागौर के अमरपुरा की तर्ज पर बनेगा मंदिर।

# संत लिखमीदास महाराज मंदिर निर्माण के लिए भजन संध्या का आयोजन, एक ही रात में जुटाए 9.87 लाख



रियां बड़ी में शनिवार रात को माली समाज के तत्वावधान में एक शाम संत श्रीलिखमीदास महाराज के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें गायक प्रकाश माली एंड पार्टी की ओर से दी गई भजनों की प्रस्तुतियों के बीच समाज के लोगों ने संत लिखमीदास महाराज मंदिर के निर्माण के लिए खुलकर सहयोग किया। भजनों की प्रस्तुतियों के बीच गायक प्रकाश माली भी मंदिर निर्माण के सहयोग की अपील करते रहे। ऐसे में समाज ने एक ही रात में मंदिर निर्माण के लिए करीबन 9 लाख 87 हजार रूपयों की सहयोग राशि जुटा ली। आयोजकों ने बताया कि अब वहां जल्द ही समाज बंधुओं के सहयोग से नागौर के अमरपुरा धाम की तर्ज पर लिखमीदास जी महाराज का भव्य मंदिर बनाया जाएगा।

**माली समाज बाहुल्य क्षेत्र, मगर नहीं था आराध्य संत का मंदिर, अप्रवासी युवा आए आगे :**

यहां उपखण्ड मुख्यालय पर माली समाज की बहुतायत आबादी होने के बावजूद समाज के आराध्य लिखमीदास महाराज के मंदिर का न होना समाज बंधुओं के मन में लंबे समयश से खटक रहा था। इसे लेकर समाज के अप्रवासी युवा उद्यमियों ने तय किया कि इस दीपावली इस मंदिर निर्माण के लिए कुछ प्रयास किया जाए। इसी विचार पर काम करते हुए देश में अलग–अलग जगहों पर व्यापार कर रहे माली समाज के इन युवाओं ने माली (सैनी समाज) रियां बड़ी के नाम से समिति बना एक भजन संध्या का आयोजन करने का विचार बनाया। ताकि इस आयोजन में सभी समाज बंधुओं को आर्थिक सहयोग के लिए प्रेरित किया जा सके और इस बहाने एक जाजम पर बैठकर मंदिर के निर्माण की शुरूआत की जा सके। रातभर चली भजन संध्या में यहां एक ही रात में करीबन 9.87 लाख की राशि जुटा ली गई। अब इन युवाओं को उम्मीद है अगले एक वर्ष में यहां भव्य लिखमीदास महाराज मंदिर का निर्माण हो जाएगा।

**गायक प्रकाश माली के भजनों पर झूमे श्रोता**

रोहिसा रोड स्थित बूदडा स्कूल के पास आयोजित इस भजन संध्या में माली समाज सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु गायक कलाकार प्रकाश माली के भजन सुनने पहुंचे। इस दौरान भजन संध्या की शुरूआत में गायक कलाकर प्रकाश माली ने, में थानु सिंवरू गजानन देवा ... गणेश वंदना से शुरू की। इसके बाद सरस्वती माता व वारी जाऊ रे सतगुरु बलिहारी जाउं ... से गुरु वंदना करते हुए उन्होंने विभिन्न भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान श्रोताओं की मांग पर उनके द्वारा गाए गए महाराणा प्रताप कठे .... व हरे घास की रोटी जद वन बिलावड़ो ले भाग्यो .... सरीखे भजनो ने श्रोताओं में करुणा और शौर्य का संचार भर दिया। भजन संध्या के मुख्य अतिथि रास मंडी आश्रम के नारायण नाथ महाराज, खड़ेश्वर आश्रम के संत हरीशगिरि महाराज व सूरियास भूणी के महाराज रहे।

**माली समाज की प्रतिभाओं का भी किया सम्मान**

भजन संध्या कार्यक्रम में हाल ही में सफल होकर उपखंड क्षेत्र के माली समाज से राज्य सेवा व केंद्र सरकार सेवा के अधीन सरकारी नौकरियों में चयनित हुई प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।



मलेशिया में हुई वर्ल्ड यूनिवर्सिटी शूटिंग चौंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है रोहतक की यह होनहार बेटी

# काजल सैनी ने किया समाज को गौरवान्वित, नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में जीते तीन मेडल



रोहतक (हरियाणा), 18 नवम्बर। केरला में चल रही 62वीं नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप– 2018 के 50 मीटर थ्री–पोजीशन इवेंट में रोहतक की बेटी काजल सैनी ने रविवार को तीन मेडल जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया है। इन तीन पदकों में दो गोल्ड तथा एक सिल्वर शामिल है।

काजल के कोच तथा भीम अवार्डी मनोज कुमार ने बताया कि इस प्रतिभावान शूटर ने चौंपियनशिप की 50 मीटर–थ्री पोजीशन की सीनियर वूमन सिविलियन कैटेगरी में व्यक्तिगत गोल्ड तथा दो अन्य मेडल टीम इवेंट में हासिल किये हैं जिसमें उन्होंने हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया काजल ने विगत मार्च माह में मलेशिया के क्वालालामपुर में हुई वर्ल्ड यूनिवर्सिटी शूटिंग चौंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। भारतीय टीम में उनका चयन जयपुर में हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने के आधार पर किया गया था।

जाट कालेज से एमएससी कंप्यूटर की पढ़ाई कर रही काजल सैनी एजुकेशन सोसायटी के तीन बार प्रधान रहे विजय सैनी की बेटी है और उन्होंने केरला में पिछले साल हुई नेशनल चौंपियनशिप में भी तीन मेडल हासिल कर हरियाणा का नाम रोशन किया था।

माली सैनी संदेश पत्रिका परिवार काजल को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है।

# डॉ. प्रफुल्ल कच्छवाहा को मिला लाईफटाइम अवार्ड



जोधपुर, भारतीय प्रसूति निश्चेतना संघ जोधपुर की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रसूति निश्चेतना कांफ्रेस के अंतिम दिन डॉ. प्रफुल कच्छावाहा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड और डॉ. अनिता को पेपर प्रजेंटेशन का प्रथम पुरस्कार दिया गया।

आयोजन सचिव डॉ. कुसुम अग्रवाल ने बताया कि समापन अवसर पर संघ के वरिष्ठ सहयोगियों और एसएन मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एसएस राठौड़ ने कांफ्रेस की बुकलेट का विमोचन किया।

इससे पहले डॉ. योगिता व दिल्ली के डॉ. अशोक सक्सेना ने मधुमेह व अन्य बीमारियों ग्रस्त प्रसूता का सुरक्षित प्रसव कराने के बारे में जानकारी दी। अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस के प्रधानाचार्य डॉ. विनय जोशी ने सीजेरियन करते समय अचानक ऑक्सीजन सेच्युरेशन कम के कारण व निवारण पर प्रजेंटेशन दिया। डॉ. शिखा सोनी ने भ्रूण में बीमारियों के लक्षण व डायग्नोसिस और बच्चेदानी में ही ऑपरेशन की तकनीक के बारे में बताया। समापन पर आयोजन समिति चेयरमैन डॉ. भरत माहेश्वरी, डॉ. कुशल कटारिया ने प्रतिभागियों व फैकल्टी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ताराचंद गहलोत बने राष्ट्रीय समता परिषद राजस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष



मुबंई। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय महासचिव सैनी ताराचंद गहलोत की समाज सेवा के प्रति निष्ठा और उल्लेखनीय समाज की उपलब्धियों को देखते हुए महात्मा फुले राष्ट्रीय समता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन राव भुजबल की अनुशंसा पर मोती लाल सांखला प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान ने ताराचन्द गहलोत को महात्मा फुले राष्ट्रीय समता परिषद राजस्थान राज्य का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया । नियुक्ति पत्र ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज(रजि.) नई दिल्ली की महाराष्ट्र राज्य के अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन राव भुजबल ने सौंपा ।

इस अवसर पर सामाजिक जागृति अधिवेशन में उपस्थित ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि) राजस्थान के अध्यक्ष सेवाराम दग्दी, महावीर सिंह चौहान पत्रकार, हेमराज सिसोदिया, मोहन माली, पी.एम.सैनी(नासिक), मुरली बालान,सहित सभी ने छगन राव भुजबल साहेब वह मोती बाबा का आभार व्यक्त कर ताराचन्द गहलोत को शुभकामनाएं देकर हर्ष जताया ।

**उपलब्धि यह पहला मौका था जब इथोपिया में म्यूजिक सेमिनार में किसी भारतीय को आमंत्रित किया गया**

# करौली के अमरसिंह ने इथोपिया में तानपुरे से बांधा समां

अफ्रीका महाद्वीप के इथापिया देश में वोलो विश्वविद्यालय डेसी इथियोपिया के संगीत विभाग की ओर से आयोजित पांच दिवसीय सेमीनार में करौली के अमरसिंह माली ने भारतीय वाद्य तानपुरे की प्रस्तुती दी। माली ने बताया कि इथियोपिया देश के प्रोफेसर्स व स्टूडेंट्स को भारतीय वाद्य तानपुरे की जानकारी दी। साथ ही नॉनसेंस सिलेबिक म्यूजिक पर अपना व्याख्यान भी दिया। इथियोपिया में 15 से 19 अक्टूबर तक आयोजित वर्ल्ड म्यूजिक सेमीनार हुई। जिसमें अमरसिंह को विश्व संगीत पर व्यख्यान के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने बताया कि ये पहला मौका था कि इथोपिया में हुई म्यूजिक सेमीनार में किसी भारतीय को आमंत्रित किया गया। अमरसिंह माली ने इथियोपियन लोक संगीत के लोकवाद्य किरार और मासिंगों बजाने की विधि भी सीखी। जो कि भारतीय और इथियोपियन संस्कृति को जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी।

**गरीब परिवार के अमरसिंह ने हासिल किया नया मुकाम, किसान पुत्र ने संगीत में हासिल किया मुकाम**

करौली के गांव कोटा (महोली) में करीब किसान रामकिशोर माली के परिवार में जन्में अमरसिंह की प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव और करौली में ही हुई। संगीत में रूचि के कारण राजस्थान संगीत संस्थान से 8 वर्षीय भारतीय संगीत (गायन) में संगीत निपुण किया। इसी के साथ–साथ उच्च शिक्षा राजस्थान विश्वविद्यालय के संगीत विभाग से (एमए) भारतीय शास्त्रीय संगीत गायन 2010 में किया। वर्ष 2010 में ही स्लेट एवं 2012 में नेट परीक्षा पास की। वर्तमान में माली केन्द्रीय विद्यालय संगठन, बीएसएफ जोधपुर में कार्यरत है।

अमरसिंह माली को संगीत के क्षेत्र में कई अवार्ड भी मिले है। ढेरों उपलब्धियों के साथ माली को प्रमुख रूप से राजस्थान की तत्कालीन राज्यपाल प्रतिभा पाटील के सम्मुख गायन पर सम्मान मिला। राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी के पुस्तक पर्व में गायन और संगीत संयोजक निर्देशन के लिए नवाजा गया। अमरसिंह 2006 से आकाशवाणी के नियमित गायक भी है। अमरसिंह माली ने जयपुर के वरिष्ठ संगीत गुरु पंडित आलोक भट्ट से करीब 6 साल तक भारतीय शास्त्रीय संगीत की बारीकियां सीखी।

**पंडित आलोक भट्ट से सीखे गुर**

अमरसिंह ने जयपुर के वरिष्ठ संगीत गुरु पंडित आलोक भट्ट से गुरु–शिष्य परम्परा में 6 साल तक भारतीय शास्त्रीय संगीत की बारीकिया सीखी। संगीत विषारद संगीत गुरु डॉ. लक्ष्मी रानी माथुर और संतोष कुमार रॉय के निर्देशन में किया। एमए संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष और डीन संगीत गुरु प्रोफेसर डॉ. सुमन यादव, डॉ. मधु भट्ट, डॉ. सत्यवती शर्मा के निर्देशन में किया।

**विदेश में भी दिया व्याख्यान**

अफ्रीका महाद्वीप के देश इथियोपया में गत माह आयोजित पांच दिवसीय वर्ल्ड म्यूजिक सेमीनार में अमरसिंह को विश्व संगीत पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। यह सेमीनार वोलो विश्वविद्यालय डेसी इथियोपिया के संगीत विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। माली ने अपने व्याख्यान में नॉन सेंस सिलेबिक म्यूजिक पर व्याख्यान दिया तथा तराना औन ख्याल गायकी से मास्टर के विद्यार्थियों को भारतीय संगीत से रूबरू कराया।

## .... गर हौसले हो बुलंद तो, कदम चूमते हैं सपने

जब मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो बाधाएं भी किसी को आगे बढ जाने से रोक नहीं पाती। कहा जाता है कि मन में जो ठाना और जब मंजिल की ओर बढते जाना का ध्यये लेकर आगे बढना ही प्रवृति का द्योतक है। बुलंद हौसलों के साथ कुछ ऐसा ही उदाहरण पेश किया है, जिले के कोटा (महौली) निवासी अमरसिंह माली ने। अमरसिंह आज ना केवल देश, बल्कि विदेश में भी भारतीय संगीत का जलवा बिखेर रहा है। हाल ही में अफ्रीका के देश इथोयोपिया में वर्ल्ड म्यूजिक .......... में अमरसिंह ने भारतीय संगीत की धुन बिखेरी। अपनी उपलब्धि को लेकर अमरसिंह कहते है कि यह सब माता–पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद से ही संभव हो सका। कोटा (महोली) में गरीब किसान रामकिशोर माली के परिवार में जन्मे अमरसिंह माली की प्रारम्भिक शिक्षा अपने गावं और करौली में हुई। संगीत में रूचि होने के कारण राजस्थान संगी संस्थान से 8 वर्षीय भारतीय संगीत (गायन) में संगीत का हुनर सीखा। साथ ही राजस्थान विश्वविद्यालय के संगीत विभाग से (एमए) भारतीय शास्त्रीय संगीत गायन 2010 में किया तथा 2010 में ही स्लेट एवं 2012 में नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्तमान में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, बीएसएफ जोधपुर में संगीत अध्यापक के पद पर कार्यरत अमरसिंह को उनके हुनर के लिए कई सम्मान मिले है। राजस्थान की पूर्व राज्यपाल प्रतिभा पाटिल भी अमरसिंह को सम्मानित कर चुकी है। इसके अलावा राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी के पुस्तक पाई में गायन और संगीत संयोजक निर्देशन के लिए भी वे सम्मानित कर चुके है।

# प्रदीप कुमार गहलोत संभाग संयोजक नियुक्त

जोधपुर। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जन जाति और अल्पसंख्यक महासंघ (नई दिल्ली) के संरक्षक श्री सत्यनारायणसिंह सैनी (रिटा. आइएएस) ने प्रदीप गहलोत को जोधपुर संभाग का संयोजक नियुक्त किया है। उन्हें महासंघ की विचारधारा, रचनात्मक और सृजनात्मक कार्यक्रमों को आगे बढाने की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदीप गहलोत पूर्व में महासंघ के जिलाध्यक्ष और जिला संयोजक रह चुके है। गहलोत को संभाग के सभी जिलों, तहसील और पंचायत समिति स्तर पर संगठन का विस्तार करने का भी जिम्मा दिया गया है। माली समाज की अनेकों संस्थाओं से जुड़ें हुए प्रदीप कुमार गहलोत को प्रबुद्वजनों ने हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

# प्रदेश में पशुपालन को बढावा देने के लिए सरकार अनेक योजनाएं चला रही है : डॉ. पवन सैनी



बावेन (सोहन)। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गांव राजकीय पशु चिकित्सालय खैरी में पशुओं की बीमारियों की जांच व किसानां को पशुपालन विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने के लिए पशु स्वास्थ्य शिविर एवं पशु गोष्टी का आयोजन किया गया। इस शिविर में लाडवा क विधायक डॉ. पवन सैनी मुख्यातिथि थे व अध्यक्षता खैरी के सरपंच प्रतिनिधि बलदेवसिंह सैनी न की।

इस अवसर पर डॉ. गौरव सरदाना ने बीमार पशुओं का निरीक्षण किया व लाडवा के विधायक डॉ. पवन सैनी न पशु पालको को विभाग की ओर से मुफ्त दवाईया वितरित की। इस शिविर में आऐ 150 से अधिक पशुओं का ईलाज करने के अलावा उन्हें कृमिनाशक व अन्य दवाईयां व खनिज लवण वितरित किया गया।

शिविर में पशुपालकों को संबोधित करते हुए डॉ. पवन सैनी ने कहा कि सरकार प्रदेश में पशुपालन को बढावा देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई है। उन्होंने कहा कि सरकार पशुपालकों को बैंक से ऋण दिलवाने के अलावा उन्हें विभाग की ओर से अनुदान भी दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसान खेती के साथ पशुपालन को एक व्यवसाय के तौर पर अपनाए तो वे खेती के अलावा पशुपालन से काफी लाभ कमा सकते है।

शिविर में पशुपालकों को संबोधित करते हुए डॉ. गौरव सरदाना ने कहा कि यदि लोग पशुओं को चारे के साथ सही मात्रा में खनिज लवण दे तो पशुओं में बांझपन की बीमारी बहुत ही कम होती है। उन्होंने कहा कि आज मंहगाई के दौर में चारे व फीड़ की कीमते बढने से दुध का धंधा घाटे का सौदा बनता जा रहा है। जिससे बचने के लिए हमें वैज्ञानिक ढंग से पशुपालन का व्यवसाय करना होगा।

पशुपालकों और किसानों को पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से उन्हें अवगत कराया और पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए समय पर टीकाकरण करने की सलाह दी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बलदेवसिंह सैनी, राजीव कुमार, राजीव कुमार, गुरदयाल सिंह कडामी, अंटेडी के सरपंच सुभाष चन्द, जलालुदीन माजरा के गुरनाम सिंह, लोहारा के अमरीक सिंह, बीड़ खैरी के सतपाल, गिरधार पुरा के कर्म सिंह व अवतार सिंह के अलावा अनेक गणमान्य लोग एवं पशु रोग विशेषज्ञ भी उपस्थित थे।

# श्री चेताराम जी माली सियाणा बनें समाज के कार्यकारी अध्यक्ष

सिरोही। श्री चेताराम जी माली सियाणा कार्यकारी अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद पर श्री शिवराम जी माली को 14 परगनो ने किया सर्वसम्मति से निर्वाचित तथा माली समाज सेवा संस्थान के आगामी चुनाव दिनांक 02 दिसम्बर 2018 को करवाने की तिथि की हुई घोषणा


एडवोकेट प्रकाश माली ने जानकारी देते हुए बताया कि माली समाज सेवा संस्थान में आज दिनांक 28 अक्टूबर, 18 रविवार को सोडा परगना सिरोही के आह्वान पर 14 परगनो की बैठक सुबह 11 बजे प्रारम्भ की गई, जिसमें माली समाज के 14 परगनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें झोरा परगना, मगरा परगरा, खाटली परगना, बोरा परगना, मोटा मगरा परगना, आबुरोड़ परगना, रोई परगना, कुडाल परगना, गुलाबगंज परगना, भीटरोट परगना, शिवगंज परगना, आठ गांव परगना, सत्ताईस गांव परगना इस प्रकार सभी परगनों की आज सर्वसम्मति से बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें समाज में वर्तमान में सोडा परगना सिरोही द्वारा दिनांक 16सितंबर 2018 को अपने समाज में वर्तमान में सोडा परगना सिरोही द्वारा दिनांक 16सितंबर 2018 को अपनो पांचों सदस्यों की विड्रॉल करने पर अध्यक्ष पद से प्रताप राम राठौड़ व उपाध्यक्ष पद पर नैनाराम माली नहीं रहे थे, जो पद दिनांक 16सितंबर 2018 से खाली था, जिस पर इसी क्रम में शेष सभी परगनों ने भी अपने अपने सदस्यों को विड्रॉल कर पुरानी कार्यकारिणी को आज सर्वसम्मति से भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन करने का निर्णय लिया गया, तथा वर्तमान में कार्य को सुचारू रूप से चला सके तथा छात्रावास में अध्यक्षरत बच्चों की शिक्षा सम्बन्धी व्यवस्था भी सुचारू रूप से चल सकें, इसलिये सभी 14 परगनों की सहमति से आज श्री चेताराम जी माली पुत्र श्री छोगाराम जी माली, निवासी सियाणा को कार्यकारी अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया, तथा कोषाध्यक्ष पद पर श्री शिवराम जी पुत्र श्री धनाराम जी माली, निवासी कालन्द्री को निर्विरोध निर्वासित किया गया, तथा चुनाव अधिकारी पद पर श्री वजाराम जी माली निवासी जसवंतपुरा व सहायक चुनाव अधिकारी पद पर श्री मोहन लाल जी माली निवासी सिरोही को सभी 14 परगनो ने सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है, जिनकी देखरेख में आगामी चुनाव नियत तिथी दिनांक 02 दिसंबर 2018 को सम्पन्न करवाए जाएंगे। साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष की देखरेख में दिनांक 02 दिसबंर, 2018 तक संस्था का कार्यभार सम्भालेंगे, जिन्हें आज सभी 14 परगनों ने माला पहनाकर व संत श्री लिखमीदास जी महाराज के जयकारों के साथ उक्त कार्य विधिपूर्ण तरीके से सम्पन्न किया गया, तथा दोनों पदाधिकारियों को आज चुनाव अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई।

# माली समाज की बैठक में 800 प्रतिभाओं को सम्मानित करने का लिया निर्णय

भीनमाल। माली समाज के आगामी प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर संत लिखमीदास सेवा संस्थान (भीरू ग्रुप) की बैठक स्थानीय क्षेमंकरी माता तलहटी स्थित माली समाज धर्मशाला में आयोजित हुई। भीरू ग्रुप के भंवरलाल सोलंकी ने बताया कि आगामी 6 जनवरी को होने वाले पंद्रहवे प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। बैठक में समारोह को लेकर विस्तृत चर्चा कर विभिन्न जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गई।

समारोह मं 800 से अधिक प्रतिभाओं को सिल्वर मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया जायेगा। समारोह में समाज के कई आईएएस, आरएएस, आईपीएस, प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान हिन्दू नववर्ष के पंचांग व संस्थान के मुख्य पत्र का विमोचन राउमावि गजीपुरा प्रधानाचार्य वेदप्रकाश के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर छगाराम सांखला, प्रभुराम सांखला, मोहनलाल सुन्देशा, कलाराम सुन्देशा, बाबूलाल सैनी, मांगीलाल परमार, चतराराम सुंदेशा, पारसमल सुंदेशा, अमराराम चौहान, मानाराम, नारायणलाल, गुमानमल परमार, लालाराम परमार, आसूराम सुंदेशा, पुखराज गहलोत, राजूराम सुंदेशा, चुन्नीलाल गहलोत, रमेश सांखला, मसराराम सांखला, चुन्नीलाल सांखला, सीएल गहलोत, सुरेश सोलंकी सहित कई समाजबंधु उपस्थित रहे।

# समाज के सामने महान त्याग का उदाहरण प्रस्तुत किया आदरणीय श्री बनवारी लाल जी सैनी बगड़ ने



विधानसभा चुनाव के चलते झुंझनूं जिला उप प्रमुख श्री बनवारी लाल सैनी विगत 2 वर्ष से झुंझनूं विधानसभा क्षेत्र से टिकट की दौड़ में प्रबल दावेदार थे लेकिन पार्टी ने एनवक्त माली समाज बहुल क्षेत्र नवलगढ़ से पार्टी प्रत्यासी उतारा। श्री बनवारी लाल जी सैनी नवलगढ़ विधानसभा से चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे लेकिन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री ओम माथुर के दबाव के सामने पार्टी का आदेश शिरोधार्य मानते हुए चुनाव के लिए अपनी सहमति प्रकट की। इससे पूर्व श्री बनवारी लाल जी सैनी ने नवलगढ़ की भाजपा कार्यकारिणी व समाज के मौजीज लोगों से बात करके राय जानकर सहमति प्राप्त करके ही पार्टी के समक्ष अपनी सहमति जताई थी।

जब श्री बनवारी लाल जी सैनी की टिकट फाईनल हो गई इसके बाद कुछ ऐसे लोग जो सामाजिक ताना बाना बिगाड़ने का प्रयास किया तथा कुछ घटिया मानसिकता और कमजोर सोच के लोगों ने समाज के वरिष्ठ लोगों के लिए अपशब्दो का प्रयोग किया। श्री बनवारी लाल जी सैनी और उनके कार्यकर्ता काफी क्षुब्ध और हताश भी हुए।

अन्ततः पार्टी के वर्तमान उम्मीदवार श्री रवि जी सैनी को समाज बन्धुओं ने समझाने का प्रयास किया लेकिन सारी कोशिशें नाकाम रही। श्री बनवारी लाल जी सैनी के लिए सदैव पार्टी से बड़ा समाज रहा है वो सदैव सामाजिक सौहार्द और समरसता समाज में देखना चाहते हैं। प्रातःकाल 9.15 बजे अशोकनगर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सामुदायिक भवन से मां सावित्री बाई फुले व महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर अपने कार्यकर्ताओं के समक्ष पूर्ण घटनाक्रम रखकर गहन चिंतन और मंथन करके चुनाव नहीं लड़ने के नतीजे पर पहुंचे। आदरणीय श्री महेन्द्र जी शास्त्री जो झुंझनूं जिले के महान शिक्षाविद, कर्मठ समाज सेवी, सहज और हर परिस्थिति में विवेक से निर्णय करने वाले और जिनके लिए समाज ही सब कुछ है जैसे लोगों की सम्पूर्ण समाज के लिए सकारात्मक सोच रखने वाले प्रबुद्ध लोगों की सलाह मशविरा के बाद सामाजिक ताने बाने को एक सूत्र में बांधा रखने के लिए चुनाव से पूर्ण तैयारियों के बाद पीछे हटाना उचित समझा।

हालांकि चुनाव सामग्री के रूप में लाखों रूपये के बैनर, स्टीकर, होल्डिंग व अन्य छपाई का कार्य लगातार ऑफसैट पर रात भर चलता रहा। नामांकन के लिए 50–40 गाड़िया सज कर निर्धारित समय पर पहुंच गई। मिठाई तैयार हो गई, कार्यालय की व्यवस्था हेतु नवलगढ़ सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री भोजाराम जी सैनी,श्री मुरली मनोहर सैनी व उनकी टीम बिल्कुल तैयारी कर चुके थे। जान पहचान वाले, पार्टी के पदाधिकारी तथा चहेते लोग पूर्ण तैयारियों के बाद नामांकन रैली के लिए प्रसन्नता पूर्वक चलने वाले थे। झुंझनूं के रास्ते में स्वागत करने वाले लोग तैयार खड़े थे ऐसी स्थिति में जिस विराट और विशाल ह्रदय वाले व्यक्तित्व ने कैसे अपने आप को और अपने समर्थकों को सान्त्वना देकर कैसे ढाढस बंधाया होगा। यह उन सभी नेताओं के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायक है। ऐसे विशाल ह्रदय वाले, सदैव समाज के लिए समर्पित, स्वच्छ छवि के बेदाग नेता माननीय श्री बनवारी लाल जी सैनी को ह्रदय से प्रणाम करते हुए भगवान से उनके लिए उज्जवल भविष्य की प्रार्थना करता हूँ।

आज उनके समस्त कार्यकर्ता मन ही मन दुखी है, पीडित है और अपने आपको तसल्ली दे रहे हैं। माननीय गुरूदेव शास्त्री जी से बात हुई तो उनका रुआंसा गला स्पष्ट इंगित कर रहा था कि जरूर उनकी आंखों में अश्रुधारा बह रही होगी। उनसे बात करके मुझे भी रोना आ गया। उन्होंने मुझे भी सान्त्वना देते हुए कहा कि नरेश राजनीति भी क्रिकेट की तरह असंभावनाओ का खेल है और जो ईश्वर करता है वो अच्छे के लिए ही करता है। उन्होंने कहा रवि जी सैनी भी अपने समाज के और अपने आत्मीय है। रवि जी चुनाव जीते ऐसी शुभकामना हम देते हैं। ऐसी सहनशक्ति यदि हर व्यक्ति में हो तो निश्चित रूप से यह समाज अनवरत उन्नति पथ को आलोकित करता रहेगा। आज उनके समर्थकों में तथा मुझे भी काफी मायूसी है लेकिन प्रसन्नता यह है कि श्री बनवारी लाल जी सैनी ने टिकट का त्याग अपने समाज के श्री रवि जी सैनी के लिए छोडी है। निश्चित रूप से नवलगढ़ से विधायक माली समाज का बनेगा। मेरा समाज बन्धुओं से आग्रह और निवेदन है कि यदि किसी सीट पर मजबूत पार्टी के माली समाज के सामने निर्दलीय प्रत्याक्षी के रूप में समाज का व्यक्ति चुनाव लड रहा है तो अपना पर्चा उठा लेना चाहिए।

आदरणीय श्री बनवारी लाल जी सैनी तथा उनके समर्थकों तथा कार्यकर्ताओं को बहुत बहुत बधाई और धन्यवाद। आदरणीय श्री महेन्द्र जी शास्त्री जिन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को बारीकी के देखते हुए समाज हित में उचित फैसला लेने में अनुपम योगदान देने के लिए ह्रदय से गुरूदेव का शुक्रगुजार हूँ।



प्रस्तुति : नरेश बगड़

# कवि कृष्ण कुमार सैनी को मिला नेशनल कल्चरल अवार्ड 2018



दौसा। जयपुर हरीवन पैराडाइज में बेटी फाउंडेशन की तरफ से आयोजित नेशनल कल्चरल अवार्ड 2018 के आयोजन के मुख्य अतिथि अध्यक्ष दलित सेना अकबर खांन नें दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बेटी फाऊंडेशन के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड एक्टर मोहित दुबे, स्पेशल गेस्ट पवन टांक, जे. डी. माहेश्वरी, एडिशनल एसपी सुनीता मीणा, डॉ रवि गोयल थे।

बेटी फाउंडेशन डायरेक्टर राज शर्मा, राहुल शर्मा द्वारा 'साहित्यिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर कवि कृष्ण कुमार सैनी को नेशनल कल्चरल अवार्ड 2018 से सम्मानित किया' गया। कवि कृष्ण कुमार सैनी ने राज शर्मा जी व राहुल शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि जिस तरीके से आपने हेमलता सिंह महिला ऑटो चालक को सम्मानित किया है वो बड़े गर्व की बात है। दौसा के वरिष्ठ साहित्यकार शिवचरण भंडाना ने बताया कि कवि कृष्ण कुमार सैनी ने साहित्य में दौसा का नाम रोशन किया है और छोटी सी उम्र में सैनी ने अपनी मेहनत और परिश्रम से बड़ी उप्लब्धिया प्राप्त कर ली जो हर साहित्यकार के लिए आसान नहीं है। गजलकारा रानू गोठवाल ने बताया कि इससे पूर्व कवि कृष्ण कुमार सैनी को काव्य–धारा रत्न, काव्यश्री, काव्य–धारा पियूष, साहित्य गौरव सम्मान, माधव बाजपेई स्मृति सम्मान, साहित्य भूषण सम्मान, चंचरीक स्मृति सम्मान, दौसा गौरव सम्मान,राजस्थान कल्चरल अवार्ड,मातृत्व ममता सम्मान सहित दर्जनों सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। कवि कृष्ण कुमार सैनी को नेशनल कल्चर अवार्ड 2018 मिलने पर सैनी समाज सहित समस्त साहित्यकारों ने खुशी जाहिर की।

**जीवन परिचय**

नाम– **कृष्ण कुमार सैनी**

जन्म तिथि – 28.04.1995

शिक्षा – एम. ए. (राजनीति विज्ञान से), एम. कॉम. (व्यवसाय प्रबंधन), बी एस टी सी ख्जयपुर से, (वर्तमान में कम्पीटीशन परीक्षा की तैयारी)

पिता – श्री कन्हैयालाल सैनी (पानवाले)

माता का नाम – श्रीमती रामली देवी सैनी

व्यवसाय – पिताजी द्वारा फूलों का डेकोरेशन

**साहित्यिक उपलब्धियाँ** : चंचरीक स्मृति सम्मान से सम्मानित, माधव वाजपेयी स्मृति सम्मान से सम्मानित, युवा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित, रचना शतकवीर सम्मान से सम्मानित, सखी गौरव सम्मान से सम्मानित, राष्ट्र सचेतक सम्मान से सम्मानित, राजस्थान कल्चरल अवार्ड 2017 से सम्मानित, बाबू बालमुकुंद हिंदी साहित्य सेवा सम्मान 2017, काव्य धारा रत्न सम्मान 2017, काव्य रंगोली साहित्यिक भूषण सम्मान 2017, कल्चरल नेशनल अवार्ड 2017 से सम्मानित, राष्ट्रीय कवि चौपाल सम्मान से सम्मानित तीन बार, आल इंडिया प्रेष परिषद् द्वारा सम्मानित, दौसा जिला गौरव सम्मान 2018, भारतीय उत्कर्ष समिति, फैजाबाद द्वारा सम्मानित, साहित्य गौरव सम्मान2018 से सम्मानित, काव्य श्री सम्मान2018 से सम्मानित, वागेश्वरी पुंज अलंकरण2018 से सम्मानित, प्रथम राज्यस्तरीय छात्रवृत्ति सम्मान समारोह संपन्न – एक नया प्रयोग

# शहीदों को दीपक समर्पित कर नमन किया और लाडपुरा विधानसभा के ग्रामीण क्षत्र के बच्चो की बीच मनाई दीवाली



कोटा दीपावली के उत्सव पर कोटा के सामाजिक कार्यकर्ता, युवा श्री मंगेलेश्वर व्यामशाला के पहलवान शहीद स्मारक अंटा घर चौराहा नयापुरा पर डॉ दुर्गा शंकर सैनी के नेतृत्व में सेकड़ो सामाजिक कार्यकर्ताओं व समर्थको ने एक दीपक शहीदों को समर्पित किया। पूर्व सफाई की गई फिर सभी ने दीपक प्रज्वलित कर भारत माता की जय वन्दे मातरम शहिद अमर रहे के नारों के बीच दीपक शहीदों को समर्पित किया और सभी से एकोफ्रेंडली दीवाली मानने की अपील करेंगे

हमेशा ही देख गया है सभी दीपावली पर्व धूमधाम से मनाते है किंतु शहिद स्मारक कोई नही पहुचता इसलिये पिछले 3 वर्षो से निरंतर आ रहे है जो हमारी रक्षा में प्राणों को भी न्योछावर कर देते है उनकी याद और सम्मान में एक दीपक समर्पित किया।

जिसमे मुख्य रूप से डॉ दुर्गा शंकर सैनी,सुनील गहलोत,नाथूलाल पहलवान जगदीश मोहिल,राजू सुमन ,राजेश,समीर सुमन,पुष्पा भुवाजी पूर्व पार्षद ,रमेश शर्मा वैभव,संजीव जैन,मुकेश,भानु पहलवान,हिमांशु पारेता, रोहित खरनिवाल,प्रभुलाल सहित सेकड़ो उपस्थित रहे

इस शुभ अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ दुर्गा शंकर सैनी व समर्थको ने गरीब बच्चों को बाटे पटाखें और दिवाली भी मनाई। सामाजिक कार्यकर्ता प्रदेश महासचिव डॉ दुर्गा शंकर सैनी अरण्डखेड़ा पहुँचे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदनलाल सैनी के दामाद व अरण्डखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच साल तक सेवाऐं दे चुके डॉ दुर्गा शंकर सैनी ने लोगों से मिलकर दीपावली की राम राम की, वही 50 से अधिक गरीब परिवार के छोटे बच्चों को आतिशबाजी के व दीपावली के लिए फुलचडीया, छोटे पटाखे, आनार आदि वितरण किये जिसे बच्चों ने दीपावली मनाई। डॉ दुर्गा शंकर सैनी ने गाँव पहुचते ही प्राचीन मन्नाबाई के मंदिर पहुंच कर भगवान शिव को ढोक लगाकर मनोकामना मांगी, बाद में गाँव में सभी लोगों से मिलकर दीपावली की शुभकामना दी।

इस अवसर पर माली समाज के लोगों ने भी डॉ दुर्गा शंकर सैनी को विधान सभा चुनावों लाडपुरा से टिकट मिलने को लेकर ईश्वर से प्रार्थना की, इस दौरान, पूर्व सरपंच ललितेश शर्मा, पवन सेन, वन सुरक्षा समिती अध्यक्ष सत्यनारायण सुमन, धनराज सुमन, प्रभुलाल सुमन, लालचन्द गुजर, अमरलाल सुमन, चन्द्रप्रकाश नागर, समेत सभी समाज के लोगों उपस्थित रहे।

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा

श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़

श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, कुड़ी फार्म, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,

# हार्दिक बधाई

### मजदूर के डॉ. बेटे का पीजी में चयन
### पिता पत्थर के कारीगर, बेटा एम्स में लेगा ट्रेनिंग

जैसलमेर में पत्थर की कारीगरी करने वाले मजदूर के बेटे ने डॉक्टर की उपाधि ले ली। इसके बाद वह जयपुर के एसएमएस अस्पताल में अपनी सेवाएं भी दे रहे है इसी बीच मजदूर भगवान माली के बेटे डॉक्टर सुरेंद्र का एम्स पीजी के लिए ऑल इंडिया में 515वीं रैंक पर चयन हो गया है। डॉक्टर सुरेंद्र का चयन होने के साथ ही उनके पैतृक गांव अमर सागर में खुशी की लहर छा गई। रिश्तेदारों व मित्रों द्वारा डॉ. सुरेंद्र को फोन पर बधाइयां दी गई, साथ ही एक–दूसरे का मुहं भी मीठा कराया गया।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र के नए आंचलिक प्रबन्धक बने मुकेश सैनी

मुकेश सैनी जी ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र भोपाल अंचल के आंचलिक प्रबन्धक के रूप में कार्यग्रहण किया ह। श्री सैनी को अति विस्तृत शाखा वर्ग, बड़ी अग्रिम शाखा, रिटेल ऋण प्रभारी आदि के रूप में कार्य करने का विशाल अनुभव है। श्री सैनी ने बैंक में कार्य करते हुए बैंक एश्योरेंस जैसे क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्री सैनी को विदेशी मुद्रा, समुद्रपारीय व्यापार का विशाल अनुभव है। श्री सैनी ने दिल्ली, पूणे एवं मुंबई जैसे मेट्रो शहर में अलग–अलग पदों पर कार्य किया है। श्री सैनी जी की शैक्षणिक योग्यता बीबीए, एमबीए एवं सीएआईआईबी है।

### ओमवती सैनी का एएसआई बनने पर स्वागत

तारानगर। बुचावास गांव में सैनी समाज की ओर से स्वागत कार्यक्रम हुआ, जिसमें ओमवती सैनी का एसएससी में सीआईएसएफ के एएसआई पद पर चयनित होने पर स्वागत किया गया। ओमवती ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता के आशीर्वाद को दिया। फुले ब्रिगेड के बाबूलाल सैनी, डॉ. राजकुमार माली, माली महासभा अध्यक्ष जुगराज सांखला मौजूद थे।



### मिस इंडिया वर्ल्डवाइड मुकाबले में भाग लेगी अबोहर की श्रीसैनी

मिस इंडिया यूएसए–2017 का खिताब जीतने वाली अबोहर की श्रीसैनी अब मिस इंडिया वर्ल्ड वाइड पिजेंटरी में भाग लेगी। 14 दिसंबर को होने वाली इस प्रतियोगिता में वह अमेरिका का प्रतिनिधित्व करेगी। श्रीसैनी ने कहा कि मिस इंडिया यूएसए प्रतियोगिता में उसका मुकाबला अमेरिका की 50 लड़कियों से था। अब 14 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वह 42 देशों की नामवर विजेताओं से मुकाबला करेगी। श्रीसैनी को इंडिया एसोसिएशन ऑफ इंडियानापोलिस ने 10 नवंबर को न्यूजर्सी में आयोजित किए जा रहे उत्सव के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। अमेरिका के लिए रवाना होने से पूर्व श्रीसैनी ने कहा कि उसके लिए यह कार्यक्रम विशेष महत्व रखता है।


**14 दिसंबर अमेरिका में होगी प्रतियोगिता** : अबोहर में ननिहाल पहुंची श्रीसैनी ने नानी विजयलक्ष्मी, नाना तिलक राज सचदेवा व पड़नानी राजरानी सचदेव से आशीर्वाद लिया। अबोहर में जन्मी व लुधियाना में विवाहित उनकी माता एकता सैनी भी इस अवसर पर मौजूद रही।

**12 साल की उम्र में लगा पेस मेकर पर नृत्य नहीं छोड़ा** : महिला शिक्षा, सशक्तिकरण एवं सामाजिक न्याय के लिए विभिन्न माध्यमों से कार्य कर रही श्रीसैनी ने बताया कि लुधियाना से उनका परिवार कई वर्ष पूर्व जब अमेरिका गया तो मात्र 12 वर्ष की आयु में उसे पेसमेकर लगवाना पड़ा। तब डॉक्टरो ने कहा था, वह नृत्य नहीं कर पाएगी। इसके बाद में न केवल भारतीय बल्कि विदेशी नृत्य सीख कई बड़े कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां दी।

श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धराराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपूर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश



## ही क्यों ?

**क्योंकि**

**हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पठकों का विशाल संसार**

**क्योंकि**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464,

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरपुरा, जोधपुर**

**www.malisainisandesh.com**

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 14 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

सदस्यता राशि

**दो वर्ष रु 400/-** | **पांच वर्ष रु 900/-** | **आजीवन रु 3100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन।/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रूपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज।)

**Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com**
**www.malisaini.org EAmail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org**

# जयपुर में आयोजित छात्रवृति कार्यक्रम की झलकियाँ







# सिरोही माली समाज क्रिकेट प्रतियोगिता की झलकियाँ






# पीपाड़ में आयोजित प्रदेश स्तरीय सावित्री बाई फुले एचीवर अवार्ड समारोह की झलकियाँ










Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# महात्मा ज्योति बा फूले की पुण्यतिथि पर पूणें में आयोजित कार्यक्रमों की झलकियाँ




















स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR